कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

:: कार्यालय आदेश ::

श्रीमती ममता सामरिया, तत्कालीन व्याख्याता (चित्रकला) वर्तमान प्रधानाचार्य, राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विधालय, अमरपुरा–रायपुर जिला पाली जन्म तिथि 01.01.1976 व्याख्याता पद के वरिष्ठता क्रमांक 1292–1 से पूर्व–4/2003–04 को राजस्थान शिक्षा सेवा नियम 1970 3के ग्रुप–डी–II के अनुरूप प्रधानाचार्य (उमावि) एवं समकक्ष पद की वर्ष 2017–18 की रिक्तियों के विरूद्ध आयोजित विभागीय पदौन्नति समिति की अभिशंषा के अनुसार चयनोपरान्त कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा/माध्य/संस्था/बी–2/45002/प्रधानाचार्य/डीपीसी/17–18/2017 दिनांक 13.07.2017 द्वारा पदस्थापन राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विधालय, अमरपुरा–रायपुर जिला पाली में किया गया था।

उक्त आदेशों की पालना में श्रीमती ममता सामरिया, ने दिनांक 14.07.2017 को राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विघालय, अमरपुरा–रायपुर जिला पाली में कार्यगृहण किया। श्रीमती ममता सामरिया, की स्वयं की प्रार्थना पर इनकी पारिवारिक परिस्थितियों के कारण प्रधानाचार्य राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विघालय, अमरपुरा–रायपुर जिला पाली के पद से पदावनत कर पुनः व्याख्याता (चित्रकला) के पद पर पदस्थापित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा,
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा/मा/संस्था/ए–4/ममता/2018/17 दिनांक : 26.7.18

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–2) शासन सचिवालय, जयपुर
2. उप निदेशक (माध्यमिक) शिक्षा विभाग, पाली
3. जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) पाली को भेजकर कर निर्देशित किया जाता है कि श्रीमती सामरिया के पदौन्नति उपरान्त प्रधानाचार्य पद पर किये गये वेतन निर्धारण को पुनः संशोधित कर उक्त आदेश का इन्द्राज उनकी सेवापुस्तिका में लाल स्याही से करें।
4. अनुभाग अधिकारी संस्थापन–सी अनुभाग को प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि श्रीमती ममता सामरिया का पदस्थापन व्याख्याता (चित्रकला) के रिक्त पद पर कर अवगत करावें।
5. प्रधानाचार्य, राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विधालय, अमरपुरा–रायपुर जिला पाली
6. श्रीमती ममता सामरिया, प्रधानाचार्य, राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विधालय, अमरपुरा–रायपुर जिला पाली को भेजकर निर्देशित किया जाता है कि व्याख्याता (चित्रकला) के पद पर पदस्थापन आदेश जारी होने तक यथावत कार्यरत रहेगी।
7. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्युटर अनुभाग कार्यालय हाजा को विभागीय वैबसाईट पर अपलोड करने बाबत
8. रक्षित पत्रावली।

संयुक्त निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर